(ख) प्रत्येक राज्य में परिवार नियोजन का कार्य कहां तक हुआ है; और

(ग) क्या जिस मात्रा में राशि व्यय की जा रही है उस अनुपात में सफलता नहीं मिल रही है?

स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री क.ड.जी आरप्पा) : (क) राज्यों को दी गई केन्द्रीय सहायता की राशि का एक विवरण सभा पटल पर रखा है। [ग्रंथालय में रखा गया। देखिए संख्या LT-6508/74]

(ख) राज्यों में हुई निष्पत्ति तथा आधारभूत ढांचे (इन्फ्रास्टक्चर) की प्रगति के संबंध में दो विवरण सभा पटल पर रखे हैं [ग्रंथालय में रखा गया। देखिए संख्या LT 6508/74]

(ग) कार्यक्रम की सफलता का खर्च किये गए धन की मात्रा से ही नहीं आंका जा सकता।

कृषि उद्देश्यों के लिए इस्पात

4053. **श्री विभूति मिश्र** : क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार ने विभिन्न राज्य सरकारों से कृषि उद्देश्यों हेतु निश्चित दरों पर विभिन्न कस्मों के इस्पात की सप्लाई के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए कहा है; और

(ख) यदि हां, तो इसका व्योरा क्या है?

इस्पात और खान मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री सुबोध हंसदा) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

चेचक के उन्मूलन पर किया गया व्यय

4054. **श्री ओंकार लाल बेरवा** : क्या स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि चौथी योजना में वर्ष 1973-74 में चेचक के उन्मूलन पर कितना व्यय किया गया है?

स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री ए० के० किस्कू) : चौथी पंच वर्षीय योजना में राष्ट्रीय चेचक उन्मूलन कार्यक्रम के संचालन हेतु खर्च, सामग्री और उपस्करों के लिए शत-प्रतिशत सहायता देने की व्यवस्था कर उसे केन्द्र-पोषित योजना के रूप में चलाया जा रहा है। धन राज्य सरकारों द्वारा खर्च किया जाता है और राज्य सरकारें जिस खर्च को पूरा करने के लिए वचनबद्ध हों उससे अतिरिक्त खर्च होने पर उसकी प्रतिपूर्ति केन्द्रीय सरकार द्वारा की जाती है जिसके लिए बजट व्यवस्था भी की गई है। यह धन अस्थायी रूप से दिया जाता है और महालेखाकारों से प्राप्त होने वाले लेखा परीक्षित आंकड़ों के आधार पर इस धन का अन्तिम रूप से समायोजन करना होता है। 1973-74 में इस कार्यक्रम के लिए राज्य/संघ शासित क्षेत्रों के लिए तीन करोड़ रुपये केन्द्रीय सहायता के रूप में नियत किये गये हैं।

Location of Malappuram Uphill firing range

4055. SHRI C. H. MOHAMED KOYA: Will the Minister of DEFENCE be pleased to state:

(a) whether the Malappuram Uphill Firing Range is in the heart of the Municipal town which is a District Headquarters;

(b) whether it is used now as a firing range and the Municipality has passed a resolution for removing it;

(c) whether the Kerala Government has suggested to release the above place for development of the town and they have suggested that the Army could share the firing range of the M.S.P., at Melmuri; and

(d) whether any decision has been taken on the matter?

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI JAGJIVAN RAM): (a) to (d). A resolution has been passed by the Malappuram Municipality requesting for the shifting of the Firing Range. No proposal has, however, been received from the State Government of Kerala. The suggestion of the Municipality is under examination.